Patrika (Indore), 09th August 2023, Page – 05

#IIM-IIT: देश भर के 14 राज्यों के 81 प्रतिभागी हुए शामिल

# डाटा साइंस एंड मैनेजमेंट में मास्टर डिग्री की तीसरी बैच शुरू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर.** आइआइएम इंदौर व आइआइटी इंदौर के पिछले दो बैच के अच्छे प्रदर्शन के साथ ही मास्टर इन डाटा साइंस एंड मैनेजमेंट (एमएसडीएसएम) के तीसरे बैच की शुरुआत ऑनलाइन मोड में हुई।

आइआइएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय और आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रो. सुहास जोशी इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अमित वत्स (फैकल्टी, आइआइएम इंदौर) और प्रो. परिमल कर (फैकल्टी, आइआइटी इंदौर) भी मौजूद थे। इस तीसरे बैच में 81 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रो. राय ने नए बैच से अपने उद्देश्य और दृष्टि में कल्पना जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आइआइएम इंदौर का लक्ष्य शिक्षा के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता को पहचानते हुए ज्ञान का निर्माण, प्रबंधन, अभ्यास और प्रसार करना है। प्रो. जोशी ने कहा यह कार्यक्रम डाटा एनालिटिक्स और प्रबंधन का मिश्रण है, जो सभी सवालों के जवाब देने बनाया है।

## तीसरी बैच में 6.2 प्रतिशत गैर-इंजीनियर

तीसरी बैच में 53 पुरुष और 28 महिला प्रतिभागी हैं, जिनमें 6.2 प्रतिशत गैर-इंजीनियर और 93.8 प्रतिशत इंजीनियर हैं। इस बैच के प्रतिभागी मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड, केरल, हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, राजस्थान, कर्नाटक, उत्तरप्रदेश, गुजरात और पश्चिम बंगाल सहित 14 राज्यों से हैं। रणनीतिक निर्णय लेने, नेतृत्व और नैतिकता की गहरी समझ के साथ कुशल डाटा वैज्ञानिक भी तैयार होंगे।